**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 19.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **यातायत पुलिस द्वारा कचहरी चौराहे पर जी.आई,सी.कॉलेज के छात्राओं के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट का प्रयोग करने के लिए किया गया प्रेरित।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.07.2025 को यातायत पुलिस द्वारा कचहरी चौराहे पर जी.आई,सी.कॉलेज के छात्राओं के साथ आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट लगाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया। यातायात निरीक्षक श्री संजय मिश्रा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये तथा दोपहिया वाहन पर एक वक्त में दो लोगों को ही सवार होना चाहिये।